QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 2025 के लिये नवीनतम [QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग] जारी की गई, जिसमें [भारतीय विश्वविद्यालयों] की वैश्विक स्थिति में **महत्त्वपूर्ण सुधार** देखा गया।

रैंकिंग की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **परिचय:**
    - **QS (क्वाक्वेरेली साइमंड्स- एक वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक और सेवा प्रदाता)** वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिये बेजोड़ डेटा, विशेषज्ञता एवं समाधान प्रदान करता है।
    - 2025 **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के संकलन के लिये** QS ने 17 मिलियन शोध पत्रों, 176 मिलियन उद्धरणों, विश्व भर के 5,600 संस्थानों के डेटा और 175,798 शिक्षाविदों तथा 105,476 नियोक्ताओं से प्राप्त अंतर्दृष्टि का विश्लेषण करने का दावा किया है।
- **शीर्ष वैश्विक संस्थान:**
    - **मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT): लगातार 13वें वर्ष विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा।**
    - **इंपीरियल कॉलेज लंदन: छठे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचा।**
    - **हार्वर्ड विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय: संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर।**
- **क्षेत्रीय आकर्षण:**
    - **ETH ज़्यूरिख:** 17वें वर्ष भी **महाद्वीपीय यूरोप** में **शीर्ष संस्थान** बना हुआ है।
    - **नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (NUS)** अपना आठवाँ स्थान बरकरार रखते हुए एशिया में एक प्रमुख संस्थान बना हुआ है।
- **भारत की स्थिति:**
    - रैंकिंग के इस संस्करण में, **46 विश्वविद्यालयों** के साथ, [भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली] विश्व स्तर पर **सातवें स्थान पर** है और **एशिया में तीसरे स्थान** पर है, जो केवल जापान (49 विश्वविद्यालय) और चीन (71 विश्वविद्यालय) से पीछे है।
    - 61% भारतीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सुधार हुआ है, जिसमें **IIT बॉम्बे** को **भारत में शीर्ष स्थान** प्राप्त हुआ है।
    - इस बार कुल 61% भारतीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सुधार हुआ है, जबकि 24% ने अपना स्थान बरकरार रखा है।
    - **शोध एवं सहयोग:**
        - **प्रति संकाय उद्धरण:** इस **संबंध** में भारत का प्रदर्शन **मज़बूत है,** जिसका स्कोर 37.8 है, जो वैश्विक औसत 23.5 से अधिक है।
            - यह **एशिया में** मौजूद ऐसे देशों जहाँ 10 से अधिक रैंक प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय हैं, **दूसरे** स्थान पर है।
        - हालाँकि, **भारत अंतर्राष्ट्रीय संकाय अनुपात** और अंतर्राष्ट्रीय छात्र अनुपात संकेतकों में पीछे है, जो अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं आदान-प्रदान की आवश्यकता को रेखांकित करता है।
    - **शीर्ष भारतीय संस्थान:**
        - **IIT बॉम्बे:** भारत में अग्रणी, IIT बॉम्बे 2024 में 149वें स्थान से 2025 में 118वें स्थान पर पहुँच गया।
        - **IIT दिल्ली:** भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया, 197वें स्थान से 47 पायदान नीचे 150वें स्थान पर पहुँचा।
        - **IIT इंदौर:** एकमात्र भारतीय संस्थान रहा जिसकी रैंकिंग में गिरावट आई और यह 454वें स्थान से गिरकर 477वें स्थान पर आ गया।
        - **नई प्रविष्टियाँ:** सिंबायोसिस इंटरनेशनल (Symbiosis International) **(डीम्ड यूनिवर्सिटी- Deemed University)** शीर्ष 20 यूनिवर्सिटीज़ में शामिल हुई तथा वैश्विक स्तर पर इसकी रैंकिंग 641-650 के बीच है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान शिक्षा पर प्रभाव डालते हैं? (2012)

1. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
2. ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय
3. पंचम अनुसूची
4. षष्ठ अनुसूची
5. सप्तम अनुसूची

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b)केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/qs-world-university-rankings-2025